# मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेन्सी क्षेत्र – इन्दौर

क्रमांक 2633/39/2025/चयन इन्दौर दिनांक 15 MAY 2025

## //विज्ञप्ति//

**"राज्य सेवा परीक्षा–2023" के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु साक्षात्कार आयोजन संबंधी सूचना ।**

आयोग के विज्ञापन कमांक 31/2023/दिनांक 05.09.2023 एवं शुद्धिपत्रादि के अंतर्गत मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभागों हेतु राज्य सेवा परीक्षा–2023 के कुल– 229 रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन जारी किया गया हैं । राज्य सेवा परीक्षा–2023, मुख्य परीक्षा का आयोजन दिनांक 11.03.2024 से 16.03.2024 तक किया गया था । मुख्य परीक्षा का परिणाम आयोग द्वारा दिनांक 30.12.2024 को घोषित किया गया है । मुख्य भाग–87 प्रतिशत के आधार पर मुख्य परीक्षा में अर्ह आवेदकों की संख्या–659 एवं प्रावधिक भाग प्रतिशत के आधार पर लिखित परीक्षा में प्रावधिक अर्ह आवेदकों की संख्या–141 है।

02/ निर्देशानुसार सूचित किया जाता है कि राज्य सेवा परीक्षा–2023 के अन्तर्गत विज्ञापित पदों हेतु साक्षात्कार आयोग कार्यालय में दिनांक 07.07.2025 से आयोजित किए जाना सुनिश्चित किए गए है।

03/ उपरोक्त पद हेतु आयोग द्वारा योग्य आवेदक साक्षात्कार पत्र आयोग की वेबसाइट www.mppsc.mp.gov.in से साक्षात्कार दिवस से 21 दिवस पूर्व से डाउनलोड कर सकते हैं।

04/ साक्षात्कार हेतु अर्ह आवेदकों को निर्देशित किया जाता है कि, साक्षात्कार दिवस को प्रातः 09.30 बजे आयोग कार्यालय में अपनी उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज कराना सुनिश्चित करें। समस्त आवेदक साक्षात्कार पत्र में दर्शित शर्तो का गहनता से परीक्षण कर उसका पालन करना सुनिश्चित करें। पदों की अग्रमान्यता प्रस्तुत किए जाने के संबंध में आवेदकों को अलग से विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया जाएगा।

उप परीक्षा नियंत्रक
(चयन)